रूस में वैगनर विद्रोह

प्रिलिम्स के लिये:

रूस में वैगनर विद्रोह, वैगनर समूह, रूस-यूक्रेन

मेन्स के लिये:

रूस में वैगनर विद्रोह और उसके निहितार्थ

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **रूस की वैगनर प्राइवेट मिलिट्री कंपनी** के प्रमुख ने देश के रक्षा प्रतिष्ठान के खिलाफ एक **अल्पकालिक विद्रोह** किया, जिसने रूस के समक्ष एक **अभूतपूर्व आंतरिक सुरक्षा संकट** की स्थिति उत्पन्न कर दी।

पृष्ठभूमि:

- **MoD पर आरोप:**
  - वैगनर ग्रुप (प्रिगोझिन) के प्रमुख ने भ्रष्टाचार और अक्षमता का दावा करते हुए **रूस के रक्षा मंत्रालय (MoD) के नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए।**
  - वैगनर ग्रुप ने एक वीडियो भी जारी किया जिसमें **रक्षा नेतृत्व ने वैगनर** प्रमुख **पर हवाई हमले का आदेश देने** और रोस्तोव-ऑन-डॉन में दक्षिणी सैन्य ज़िला मुख्यालय पर नियंत्रण करने का आरोप लगाया गया।
  - उनकी शिकायतों को दूर करने के प्रयास में **वैगनर बलों (Wagner Forces) ने मॉस्को की ओर "न्याय मार्च" शुरू किया,** जिसके परिणामस्वरूप झड़पें हुईं और महत्त्वपूर्ण क्षति हुई।
- **राजद्रोह करार:**
  - रूसी राष्ट्रपति ने विद्रोह की निंदा करते हुए इसे **"देशद्रोह"** करार दिया।
  - उन्होंने सुरक्षा बलों को विद्रोह को दबाने का आदेश दिया। हालाँकि **वैगनर के पिछले गठबंधन और उसकी प्रभावशीलता** के कारण उन्हें दुविधा का सामना करना पड़ा।
- **समझौता वार्ता:**
  - रूसी **राष्ट्रपति ने बेलारूस** के राष्ट्रपति की मदद से प्रिगोझिन के साथ बातचीत की। बातचीत के अनुसार, **प्रिगोझिन पीछे हटने और बेलारूस में स्थानांतरित** होने पर सहमत हो गया।

वैगनर घटनाक्रम का रूस पर प्रभाव:

- **आंतरिक विभाजन:**
  - इस विद्रोह ने **रूस की सुरक्षा और सैन्य बलों के भीतर आंतरिक विभाजन की स्थिति को उजागर** कर दिया है। तथ्य यह है कि वैगनर सैनिक सशस्त्र विद्रोह शुरू करने तथा पीछे हटने से पहले मास्को की ओर कूच करने में सक्षम थे जो **रूसी सुरक्षा तंत्र के भीतर कमज़ोरियों को उजागर** करता है।
  - इसके **दीर्घकालिक प्रभाव** हो सकते हैं तथा **संभावित रूप से भविष्य में इसी तरह की कार्यवाहियों को प्रोत्साहित** किया जा सकता है।
- **राष्ट्रपति के अधिकार को कमज़ोर करना:**
  - इस घटना ने राष्ट्रपति पुतिन की कमज़ोर होती सत्ता को भी उजागर कर दिया है। इस विद्रोह को कुचलने के लिये राष्ट्रीय टेलीविज़न पर वादे करने के बावजूद **पुतिन ने अंततः अप्रत्यक्ष संचार का सहारा लिया** तथा भाड़े के सैनिकों को पीछे हटने के बदले में माफ कर दिया।
  - यदि यूक्रेन युद्ध बिना किसी ठोस परिणाम के जारी रहता है तो पुतिन को **अपने ही सत्ता के भीतर से बढ़ती चुनौतियों का सामना** करना

पड़ सकता है।

- **मुद्रा अस्थिरता:**
  - वैगनर विद्रोह और इससे उत्पन्न अनिश्चितता के कारण **रूसी रूबल विनिमय दर में अस्थिरता** की स्थिति पैदा हो गई है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले **यहाँ की मुद्रा में भारी गिरावट देखी गई और यह 15 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गई।** इस अस्थिरता का रूसी अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है, जिसमें **आयात की लागत में वृद्धि होना, मुद्रास्फीति का दबाव और निवेशकों का विश्वास कम** होना शामिल है।
- **सीरिया और लीबिया में भविष्य के ऑपरेशन:**
  - वैगनर समूह के विघटन से रूस के लिये एक चुनौती खड़ी हो गई है क्योंकि सशस्त्र और प्रशिक्षित रूसी विश्व के विभिन्न हिस्सों, **विशेषकर अफ्रीका तथा मध्य पूर्व में फैले हुए हैं।**
  - **ऐसी संभावना है कि यह समूह आने वाले समय में एक अलग नाम से फिर से उभर सकता है।** यद्यपि इन लोगों को स्थानीय सरकारों के साथ उनके दायित्वों और अनुबंधों पर विचार किये बिना हटाने से **समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं।**

वैगनर समूह:

वैगनर समूह को PMC वैगनर के नाम से भी जाना जाता है, यह एक रूसी अर्द्धसैनिक संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 2014 में हुई थी।

- वैगनर के पास अपने लगभग 50,000 भाड़े के सैनिक थे जिनमें से कई **पूर्व कैदी** थे और यूक्रेन में लड़ रहे थे।
- समूह ने वर्षों से **मध्य पूर्व, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका** के युद्ध क्षेत्रों में कार्य किया है।

//



स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/wagner-mutiny-in-russia